हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
9 जून 2024, समय 1305

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम सवा सात बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनकी मंत्रिपरिषद को आज राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी।

श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन -एनडीए के शिष्टमंडल ने भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा था। एनडीए के घटक दलों के समर्थन-पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपे गए थे जिसके बाद राष्ट्रपति ने श्री मोदी को सरकार के गठन का आमंत्रण दिया था।

आज के शपथ-ग्रहण समारोह के लिए कई पड़ोसी देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मुहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं।

मालदीव के राष्ट्रपति और मॉरीशस के प्रधानमंत्री समारोह के लिए आज दिल्ली पहुंच गए हैं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति कल नई दिल्ली पहुंच गए थे।

....

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि-स्थल राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि-स्थल सदैव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

....

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा-नीट के 15 सौ से अधिक उम्मीदवारों को कृपांक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक पैनल गठित किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पैनल की अध्यक्षता संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष करेंगे। यह समिति एक सप्ताह के भीतर सिफारिश देगी और अभ्यार्थियों के परिणाम की समीक्षा भी की जा सकती है।

मेडिकल और डेंटल प्रवेश परीक्षा के परिणाम 4 जून को घोषित किए गए जिसके बाद कई प्रत्याशियों ने दोबारा परीक्षा लेने की मांग की और कई आवेदकों ने अदालत का रुख़ किया है।

....

राष्ट्रपति भवन की और से हरियाणा के जिला जींद के गांव बीबीपुर के पूर्व सरपंच सुनील जागलान को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण मिला है।

सुनील जागलान ने आज ही के दिन 9 जून 2015 को अपने गांव से सेल्फी विद डॉटर अभियान की शुरुआत की थी जिससे प्रधानमंत्री काफी खुश हुए थे। उन्होने इस अभियान की प्रशंसा न केवल रेडियो मन की बात पर कि अपितु विदेश में भी उनके इस अभियान की प्रशंसा की थी। सुनील जागलान के सरपंच काल में बीबीपुर ग्राम पंचायत को कई बार पुरस्कार हासिल हुए ।

आज आकाशवाणी समाचार से बातचीत में सुनील जागलान ने कहा कि उन्हें मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता मिला है और वें इस निमंत्रण से काफी खुश हैं। सुनील जागलान ने कहा कि मेरे लिए यह बढ़े गर्व की बात है कि हरियाणा के सामान्य से सामाजिक कार्यकर्ता को भी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया गया है।

....

पानीपत को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत नशे की गर्त में फसे 864 लोगों का सिविल अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करवा कर मुख्यधारा से जोड़ा गया है ।

अभियान के नोडल अधिकारी, समालखा के उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने बताया कि बीते 6 महीने के दौरान नशे की गर्त में फसे लोगों को चिन्हित किया गया था ।उन्होंने बताया कि वही अभियान के तहत गठित की गई टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान, गांव, कॉलोनी, फैक्टरी इत्यादी स्थानों पर जाकर युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक भी किया जा रहा है।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मौजूदा वित्त वित्त वर्ष के लिए जल जीवन मिशन से संबंधित सहायक गतिविधियों और जल गुणवत्ता निगरानी एवं निरीक्षण संबंधी नई 61 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है। इन परियोजनाओं पर 58 करोड़, 73 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन लागू करने के लिए हरियाणा को 462 करोड़, 3 लाख रुपये की राशि आवंटित की थी। इस राशि का 5 प्रतिशत जल जीवन मिशन की सहायक गतिविधियों तथा 2 प्रतिशत गुणवता निगरानी एवं निरीक्षण संबंधी गतिविधियों पर खर्च किया जायेगा।

....